संख्या-29/837/84-डे0ई0-13-01चिकित्सा व्यय/2008

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधीक्षक,
बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 15 अक्टूबर, 2013

विषय:-श्रीमती वीना वर्मा, समीक्षा अधिकारी, उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डेस्क इकाई द्वारा अपने दाँतो की करायी गयी चिकित्सा पर व्यय हुयी धनराशि की प्रतिपूर्ति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-731/84-डे0ई0-13-01चिकित्सा व्यय/2018, दिनांक 19 अगस्त, 2013 द्वारा श्रीमती वीना वर्मा, समीक्षा अधिकारी, उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डेस्क इकाई उ0प्र0 सचिवालय का चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावा अधीक्षक, सचिवालय डिस्पेंसरी, लखनऊ को तकनीकी परीक्षण हेतु भेजा गया था। अधीक्षक, सचिवालय डिस्पेंसरी, लखनऊ द्वारा अपने पत्रांक सचि0/डिस्पे/चि0प्र0पू0/2013/2816, दिनांक 12-9-2013 (छाया प्रति संलग्न) के साथ प्रश्नगत दावा मूलरूप में इस आशय से वापस किया गया है कि उपचार डेन्टल/डेन्चर से संबंधित है। उक्त दावे का परीक्षण बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ से करवाने का कष्ट करें।

2- अत: श्रीमती वीना वर्मा, समीक्षा अधिकारी, उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डेस्क इकाई उ0प्र0 सचिवालय द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर, 2012 से 19 अप्रैल, 2013 तक की अवधि में निजी चिकित्सक डा0 गौतम साहनी, लखनऊ के यहाँ अपने दाँतो का कराये गये उपचार पर व्यय हुयी धनराशि रू0 12,336/- (रूपये बारह हजार तीन सौ छत्तीस मात्र) से संबंधित प्रश्नगत दावा मूलरूप में (मय संलग्नकों सहित) संलग्न कर भेजते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत दावे का तकनीकी परीक्षण करते हुए प्रस्तुत दावे हेतु देय धनराशि स्पष्ट रूप से इंगित करते हुए अपनी संस्तुति उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डेस्क इकाई, उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक::यथोपरि।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in